## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदया, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की दिनांक 15.09.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्तः—

जिलाधिकारी महोदया, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ के पत्रांक 1261/सा0–7/61 दिनांक 14.09.2023 द्वारा दिनांक 15.09.2023 को आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी महोदया | — अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी | — उपाध्यक्ष |
| 3. | जिला विकास अधिकारी | — सदस्य |
| 4. | प्रभागीय वनाधिकारी स्वय अथवा उनके द्वारा नमित सदस्य | — सदस्य |
| 5. | जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, | — सदस्य |
| 6. | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, | — सदस्य |
| 7. | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई | — सदस्य |
| 8. | अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, | — सदस्य |
| 9. | जिला कृषि अधिकारी, | — सदस्य |
| 10. | जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, | — सदस्य |
| 11. | जिला पंचायत राज अधिकारी, | — सदस्य |
| 12. | अधिशासी अभियन्ता, ख0 का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ | — सदस्य सचिव |
| 13. | तहसीलदार, तहसील हापुड़/धौलाना/गढ़मुक्तेश्वर। | |
| 14. | मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद, गुजरात। | |
| 15. | ग्रामीण विकास ट्रस्ट, कृभको भवन, ए–10, सैक्टर–1, नोएडा। | |
| 16. | जनकल्याण शिक्षा विकास सेवा समिति, ग्राम लोदीपुर, तहसील गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़। | |
| 17. | डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा.लि., हापुड़। | |

सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ द्वारा प्रस्तुत किये गये एजेण्डा नोट का बिन्दुवार विवरण निम्नवत् हैः—

**एजेण्डा बिन्दु सं0–01 (डी0पी0आर0 विरचन का कार्य) :—**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के अन्तर्गत 241 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 200 नग डी0पी0आर0 तैयार की जानी हैं, जिनमें से जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से वर्तमान तक कुल 200 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 संस्तुति कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दी गई थी, जिनमें 236 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं। प्रेषित डी0पी0आर0 के सापेक्ष 200 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (SLSSC) द्वारा पूर्व में स्वीकृत की जा चुकी हैं, वर्तमान में कोई भी डी0पी0आर0 शेष नही हैं।

**(कार्यवाही— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –02 भूमि पर विवाद /अन्य कारण से अवरूद्ध कार्यः–** सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर विभिन्न कारणों से कार्य बाधित है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 | तहसील | भूमि चिन्हांकन शेष | कब्जा | जलमग्न | तालाब में भूमि | भूमि पर विवाद | पहुंच मार्ग | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **धौलाना** | | करनपुर जट्ट | देहपा कंदोली | दहीरपुर रज्जाकपुर | | मीरापुर | 4 |
| 2 | **हापुड** | | ब्रजनाथपुर | धनौरा | | अलीपुर मुगलपुर | | 3 |
| 3 | **गढमुक्तेश्वर** | भोवापुर मस्ताननगर | नंगला बढ़ | | | | | 4 |
| 4 | | रतुपुरा | | | | | | |
| 5 | | काजमाबाद उर्फ़ जमालपुर | | | | | | |
| **Total** | | 3 | 3 | 2 | 1 | 1 | 1 | 11 |

समस्त उपजिलाधिकारी उपरोक्त विवरण के अनुसार बाधाओं का निराकरण कराते हुए, पेयजल योजनाओं हेतु भूमि का कब्ज़ा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगें एवं आगामी बैठक में अद्यतन स्थिति से अवगत करायेंगे।

**(कार्यवाही– समस्त उपजिलाधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –03 :– (स्वीकृत पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्यों की प्रगति )**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 200 नग स्वीकृत पेयजल योजनाओं में से 186 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जा चुके हैं। शेष स्वीकृत पेयजल योजनाओं पर शीघ्रातिशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। फर्म को अवर जलाशयों की प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामों में किसी प्रकार का अवरोध/ विवाद होने की दशा में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर निदान कराया जाये। ग्राम में मार्गों की मरम्मत का कार्य गुणवत्तापरक एवं तीव्र गति से कराया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

**स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष प्रगति विवरण :–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि "जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत 200 स्वीकृत पेयजल योजनाओं में से 186 पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जा चुके हैं। निर्माण कार्यों की प्रगति का विवरण निम्न तालिका में अंकित हैः–

| S.No | District | Name of Firm/Agency | Villages Alloted | No. of Scheme verified by Agency | No. Of Villages in Agency verified Scheme | Schemes Where Work Not Started | Land Disputed | T/W Boring Approved/ Done/Balance | T/W Completed | T/W Images/Videos | Rig Machine Required /Available at Site | Air Compressor Approved / Done/Bala | Air Compressor Required /Available at Site | O P Unit Approved/ Done/Balance | O P Unit Required /Available at Site |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Hapur | LC INFRA | 238 | 200 | 236 | 14 | 11 | 0<br>200 / 186 / 14 | 20 | 0 / 0 | 07/09 | 0<br>200 / 185 / 15 | 01/07 | 0<br>200 / 184 / 16 | 02/07 |
| Hapur Total | | | 238 | 200 | 236 | 14 | 11 | 0<br>200 / 186 / 14 | 20 | 0 / 0 | 07/09 | 0<br>200 / 185 / 15 | 01/07 | 0<br>200 / 184 / 16 | 02/07 |

| S.No | District | Name of Firm/Agency | OHT Total approved | OHT Work Started | OHT Progress 0 to 25% | OHT Progress 26% to 50% | OHT Progress 51% to 75% | OHT Progress 76% to 99% | OHT completed | OHT and Signage Board Images/Videos | Distribution (Line Total approved | Distribution (Line completed | Solar Plant Total approved | Solar Plant Procured | Solar Plant completed | FHTC Last Week As on Today/Yesterday | FHTC % | Trail & Run |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | Hapur | LC INFRA | 200 | 0<br>158 | 57 | 35 | 25 | 17 | 34 | 50 | 1540 | 0<br>1012 | 197 | 163 | 0<br>73 | 1401<br>90351 / | 75.75 | 10 |
| Hapur Total | | | 200 | 0<br>158 | 57 | 35 | 25 | 17 | 34 | 50 | 1540 | 0<br>1012 | 197 | 163 | 0<br>73 | 1401<br>90351 / | 75.75 | 10 |

निर्देश दिये गये कि उपरोक्त निर्माण कार्यों में तीव्रता लायें एवं FHTC के निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –04 DPMU की प्रगतिः–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में जनपद हापुड़ में 186 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिनके निरीक्षण हेतु डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा.लि, हापुड़ को नामित किया गया है। डी0पी0एम0यू0 टीम द्वारा कार्यदायी फर्म, TPI, ISA तथा M/s Thinkway (Zita Tradex Pvt. Ltd.) के कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एजेंसी द्वारा **हर घर जल सम्बन्धी फीडिंग**, ऑनलाइन योजनाओं की फीडिंग एवं Geo Tagging इत्यादि कार्य किये जा रहे हैं।

निर्देश दिये गये कि सदस्य सचिव स्तर से डी0पी0एम0यू0 के कार्यों का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाये।

(कार्यवाही– DPMU)

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –06 TPI की प्रगतिः–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में जनपद हापुड़ में 186 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिनके निरीक्षण हेतु थर्ड पाटी एजेंसी (TPI) के रूप में मै0 आरवी एसोसिएटस्, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कन्सलटेन्ट प्रा0लि0, रवुला रेसीडेन्सी, श्रीनगर रोड, मैन कॉलोनी, हैदराबाद को नामित किया गया है। वृहद स्तर पर पेयजल योजनाओं के गुणवत्तापरक क्रियान्वयन के दृष्टिगत टी0पी0आई0 एजेंसी द्वारा नियमित रूप से शतप्रतिशत उपस्थिति रखते हुए, पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कार्य किया जाना है, किन्तु पेयजल योजनाओं के निरीक्षण से प्रतीत होता है कि टी0पी0आई0 एजेंसी द्वारा दृढ़ता से पेयजल योजनाओं के कार्यों का उचित पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा,

जोकि उचित नहीं है। अतः निर्देश जाते हैं कि निरीक्षण की प्रगति बढ़ायें। जल जीवन मिशन अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें कि गुणवत्तापरक कार्य कराया जाना अपेक्षित है। यदि कार्यस्थल पर कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है तो ऐसी दशा में टी0पी0आई0 के उत्तरदायी कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाये एवं तदानुसार कार्यवाही की जाये।

ता
क

(कार्यवाही– TPI)

## एजेण्डा बिन्दु संख्या –07 :– ISA को आवंटित क्लस्टर में कार्यों की प्रगति

अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्रांक 2433/W–314/JJM/SA/20–21 दिनांक 25.01.2021 के अनुसार ISA द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामो का सर्वे, भूमि प्रस्ताव प्राप्त करना एवं वी0ए0पी0 (VAP) तैयार करना इत्यादि कार्यो के सम्पादन किये जाने हेतु दो एजेन्सियों को क्लस्टर का आवंटन कर दिया गया है। **Planning & Mobilization Phase** के सापेक्ष कृत कार्यो का विवरण निम्नानुसार है

### प्रथम फेज की प्रगति

| S. No. | Name of the Block | Allotted Number of GP by DWSM | Gp-VWSC Upload on Portal | Gp-Vap Upload on Portal | Gram Sabha Meeting | Women Meeting | Prabhat Pheri Activitiy | Community Meeting | PRA | Bank A/c Opening | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gramin Vikas Trust | 160 | 160 | 160 | 480 | 480 | 480 | 160 | 160 | 155 | 5 A/c Documents are submitted In Bank |
| 2 | Jankalyan Shiksha Sewa Sansthan | 113 | 113 | 113 | 226 | 339 | 339 | 113 | 113 | 113 | |
| **Total** | | **273** | **273** | **273** | **706** | **819** | **819** | **273** | **273** | **268** | |

### द्वितीय फेज की प्रगति

| S. No. | Name of the Block | Allotted Number of GP by DWSM | Gram Sabha Meeting | Women Meeting | Prabhat Pheri Activitiy | Community Meeting | Bank A/c Opening | Total Collection (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gramin Vikas Trust | 160 | 160 | 960 | 960 | 160 | 155 | 220600 |
| 2 | Jankalyan Shiksha Sewa Sansthan | 113 | 113 | 678 | 678 | 113 | 113 | 90150 |

सदस्य सचिव को निर्देशित किया गया कि ISA एजेंसियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों का नियमित अनुश्रवण करते रहें एवं आगामी बैठक में कृत कार्यो का पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें एवं दोनों एजेंसियां समस्त ग्राम पंचायतों में क्रियाशील पेयजल योजना के लाभान्वितों से नियमानुसार जलकर की वसूली सुनिश्चित करायेंगी।

(कार्यवाही– आई0एस0ए0 एजेंसी)

एजेंसियां समस्त ग्राम पंचायतों में क्रियाशील पेयजल योजना के लाभान्वितों से नियमानुसार जलकर की वसूली सुनिश्चित करायेंगी।

**(कार्यवाही– आई0एस0ए0 एजेंसी)**

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

जिलाधिकारी /अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़

**पत्रांक :–** / / **दिनांक**

प्रतिलिपिः–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (मेरठ), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
8. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), हापुड़।
9. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
10. जिला वनाधिकारी, हापुड़।
11. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड़।
12. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।
13. उपजिलाधिकारी, हापुड़/धौलाना/गढ़मुक्तेश्वर।
14. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
15. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, हापुड़।
16. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, हापुड़।
17. जिला कृषि अधिकारी, हापुड़।
18. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हापुड़।

जिलाधिकारी /अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़